उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19सी, तुलसी गंगा कॉम्प्लेक्स, विधान सभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश- 226001
दूरभाष/फैक्स: 0522-2235752 फैक्स- 0522-2235806
Web-www.uppbpb.gov.in

पत्र संख्याः पीआरपीबी–चार–10(39)/2024

दिनॉकः जून 04 ,2025

# सूचना/विज्ञप्ति

**चयन वर्ष 2024 के सापेक्ष पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) के 54 रिक्त पदों को समूह "घ" के पद पर मौलिक रूप से नियुक्त एवं संगत सेवा नियमावली के अनुसार पात्र कार्मिकों से विभागीय परीक्षा के माध्यम से पदोन्नति द्वारा भरे जाने हेतु दिनांक 28.05.2025 को सम्पन्न लिखित परीक्षा का परिणाम/अन्तिम चयन सूची।**

पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के पत्र दिनांक 27.07.2024 द्वारा चयन वर्ष 2024 की 54 रिक्तियों के सापेक्ष पुलिस विभाग में नियुक्त समूह 'घ' के पात्र कार्मिकों से विभागीय परीक्षा के आधार पर पदोन्नति द्वारा चयन हेतु बोर्ड को अधियाचन उपलब्ध कराया गया तदनुक्रम में पुलिस महानिरीक्षक, स्थापना, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के पत्र दिनांक 15.11.2024 एवं 30.04.2025 द्वारा कुल पात्र 156 अभ्यर्थियों की पात्रता सूची उपलब्ध करायी गयी। उक्त प्राप्त अधियाचन/पात्रता सूची के कम में बोर्ड द्वारा "उत्तर प्रदेश पुलिस लिपिक, लेखा एवं गोपनीय सहायक संवर्ग सेवा नियमावली, 2015 (यथा संशोधित)" में निहित प्रावधानों के अनुसार दिनांक 13.05.2025 को समस्त पात्र 156 अभ्यर्थियों/कार्मिकों को टंकण परीक्षा हेतु आमंत्रित किया गया, जिसमें कुल 144 अभ्यर्थी टंकण परीक्षा में सम्मिलित हुये तथा 12 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। नियमानुसार सम्पन्न टंकण परीक्षा में हिन्दी तथा अंग्रेजी टंकण हेतु निर्धारित गति/शुद्धता का मानक पूर्ण कर मात्र 02 अभ्यर्थी टंकण परीक्षा में सफल रहे तथा 142 अभ्यर्थी निर्धारित गति/शुद्धता का मानक पूर्ण न करने के कारण असफल रहे।

2– टंकण परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की दिनांक 28.05.2025 को लिखित परीक्षा सम्पन्न करायी गयी। लिखित परीक्षा के परिणाम के आधार पर निम्नलिखित अभ्यर्थी/समूह 'घ' के कर्मी चयन वर्ष 2024 की रिक्तियों के सापेक्ष पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लिपिक) के पद पर पदोन्नति हेतु चयनित हुये हैं:–

| क0सं0 | पी0एन0ओ0 | अभ्यर्थी का नाम | पिता का नाम | जन्मतिथि | नियुक्ति जनपद/इकाई |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 152730060 | दीपक कुमार | श्री राजधर मिश्रा | 20.08.1992 | उन्नाव |
| 02 | 150720038 | पंकज कुमार यादव | श्री लालजी यादव | 22.07.1994 | 42वीं वाहिनी पीएसी |

3– यद्यपि इस चयन परिणाम को बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड किये जाने में पर्याप्त सावधानी बरती गयी है, तथापि किसी प्रकार की तकनीकी त्रुटि के लिये बोर्ड उत्तरदायी नहीं होगा और न ही त्रुटि पाये जाने पर त्रुटिपूर्ण अंकन का किसी को किसी प्रकार का लाभ या अधिकार प्राप्त होगा या अनुमन्य होगा।

4/6/25

अपर सचिव, प्रोन्नति
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।